अभिषेक सिंह, आई.ए.ए.एस
निदेशक
ABHISHEK SINGH, IAAS
Director

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का
अन्तर्राष्ट्रीय सूचना पद्धति एवं लेखापरीक्षा केंद्र
International Centre for Information Systems & Audit of the Comptroller and Auditor General of India

Dated: 27/01/2026

No. 308 / Trg-ITP0CS/4/2022-ITP/efile-114530/2024-25

प्रिय महोदय,

जैसा कि आपको विदित हैं , प्रति वर्ष आईसीसा डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग सहित ऑडिट के उभरते क्षेत्रों पर विदेश मंत्रालय के ITEC कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

आईसीसा, ITEC कार्यक्रम के अंतर्गत, 9 से 20 फरवरी 2026 के दौरान **"Audit of Social Sector Schemes"** विषय पर 168वाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम AI-आधारित उपकरणों के माध्यम से स्पेनिश भाषा में समकालीन अनुवाद के साथ संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 20–25 देशों से लगभग 30 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन, निष्पादन तथा परिणामों के प्रभावी आकलन हेतु लेखा परीक्षकों की क्षमता का सुदृढ़ीकरण करना है। कार्यक्रम में पारदर्शिता, जवाबदेही, डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग तथा परिणामोन्मुखी लेखापरीक्षा (Outcome-based Audit) पर विशेष बल दिया जाएगा।

यह कार्यक्रम सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं की लेखापरीक्षा में डिजिटल प्रणालियों एवं डेटा-संचालित दृष्टिकोणों के उपयोग से संबंधित भारत के अनुभवों और श्रेष्ठ पद्धति को साझा करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

हम आभारी होंगे यदि आप नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार हमारे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के साथ अपने ज्ञान और अनुभव को साझा कर सकें:

Date (Day)	Topic	Session(S)
12th February, 2026 (Thursday)	**Assessing Inclusion and Accessibility in Social Sector Schemes through Data Analysis (Case Studies)**	III & IV 14:00 hrs to 17:00 hrs **(Tea break-15:15 to 15:45)**

उपर्युक्त पाठ्यक्रम का संचालन एआई-आधारित उपकरणों के माध्यम से स्पेनिश भाषा में समकालीन अनुवाद के साथ किया जाएगा, अतः यह विनम्र अनुरोध है कि चर्चा किए जा रहे विषय वस्तु की बेहतर समझ सुनिश्चित करने हेतु सत्रों की गति तदनुसार निर्धारित की जाए। यदि सत्रों में उदाहरण और केस्टडी शामिल हों तो इसकी सराहना की जाएगी।

सत्र से 4–5 दिन पहले अपनी प्रस्तुतियाँ और अन्य प्रासंगिक सामग्री साझा करने का भी अनुरोध किया जाता है ताकि अनुवादित सामग्री सत्र से पहले प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई जा सके।

उपरोक्त सत्रों के लिए आईसीसा, नोएडा में आपकी उपस्थिति आकांक्षित हैं।

संलग्न: उपरोक्त

सादर

भवदीय,
अभिषेक सिंह

Mr. Chakradhar Budha,
Libtech of India.